कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

:: कार्यालय आदेश ::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा–माध्य/सी–1/स्थानांतरण/अंग्रेजी/2019–20 दिनांक–29.09.2019 के तहत् महेश कुमार व्याख्याता, अंग्रेजी राउमावि. फेफाना, हनुमनगढ का स्थानांतरण राउमावि कोचरी दाद, डूंगरपुर किया गया एवं जगदीश प्रसाद व्याख्याता अंग्रेजी राउमावि दांतरा बड़ा, भीलवाड़ा को राउमावि. फेफाना, हनुमानगढ किया गया।

उक्त स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध महेश कुमार व्याख्याता, अंग्रेजी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर में एस.बी. सि. याचिका संख्या 17478/2019 महेश कुमार बनाम राज्य सरकार व अन्य दायर की गई।

याचिका संख्या 17478/2019 के क्रम में माननीय न्यायालय द्वारा अन्तरिम आदेश दिनांक 27.11.2019 द्वारा विभागीय आलोच्य स्थानान्तरण आदेश दिनांक 29.09.2019 को प्रभाव एवं क्रियान्वयन याचिकार्थी महेश कुमार के सम्बंध में माननीय न्यायालय के आगामी आदेश तक स्थगित किया है।

अतः माननीय न्यायालय के उक्त अन्तरित आदेश की पालना में विभागीय आक्षेपित स्थानान्तरण आदेश दिनांक 29.09.2019 को याचिकार्थी के सम्बंध में माननीय न्यायालय के आगामी आदेश तक स्थगित किये जाने के फलस्वरूप महेश कुमार राउमावि. फेफाना, हनुमानगढ में व्याख्याता, अंग्रेजी के पद पर पदस्थापित रहेगे एवं उनके स्थान पर जगदीश प्रसाद व्याख्याता अंग्रेजी का अन्तरिम समायोजन राउमावि साहवा, तारानगर, चूरू व्याख्याता अंग्रेजी के रिक्त पद पर किया जाता है। यह आदेश याचिका संख्या 17478/2019 के अन्तिम निर्णय के अद्याधीन रहेगा।

संबंधित संस्था प्रधान इनको अविलम्ब शालादर्पण के माध्यम से कार्यमुक्त/कार्यग्रहण करवाया जाना सुनिश्चत करें।

(नथमल डिडेल)
निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

क्रमांक शिविरा/माध्य/सी–1/अंग्रेजी/याचिका सं.17478/महेश कुमार/2019/05 दिनांक : 02/12/2019

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रस्तुत है :–

1. संयुक्त विधि परामर्शी, विधि प्रकोष्ठ, जयपुर
2. जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक (विधि) जोधपुर
3. संबंधित संयुक्त निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)
4. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय (माध्यमिक)
5. संबंधित संस्था प्रधान
6. संबंधित कार्मिक
7. अनुभाग अधिकारी विधि अनुभाग कार्यालय हाजा
8. अनुभाग अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग को विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत्।
9. निजी/रक्षित पत्रावली

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर